15.(क)



कार्यालय प्राचार्य,
स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
**Email. Id - govtcollegekumhari@gmail.com**

कुम्हारी, दिनांक / /2024

क्रमांक /स्था./2024

प्रति,

आयुक्त,
उच्च शिक्षा संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.)

विषय :– पालन प्रतिवेदन का प्रेषण।

संदर्भ :– आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक 574/187/आउशि/गु.प्र./2024 नवा रायपुर दिनांक 23/07/2024।

उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में विषयानुसार लेख है कि इस महाविद्यालय में दिनांक 05/08/2024 को दीक्षारंभ –2024 समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निम्नानुसार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ – **(प्रथम – सत्र)**

1. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि – माननीय श्री भूपेश बघेल जी (पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन एवं विधायक, पाटन विधानसभा)
2. विशिष्ट अतिथि – श्री रामाधार शर्मा जी (सासंद प्रतिनिधि) एवं श्री राजेश्वर सोनकर जी (अध्यक्ष – नगरपालिका कुम्हारी) ।

महाविद्यालय में अतिथियों के अतिरिक्त पार्षदगण, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में पालक एवं नागरिक उपस्थित थे।

महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं की संख्या 72 है। पालकों एवं छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। अतिथियों के आगमन के पश्चात् कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वदंना एवं दीप प्रज्जवलन के द्वारा अतिथियों के माध्यम से किया गया तत्पश्चात् राज्यगीत गायन महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रीना मजुमदार ने स्वागत भाषण के साथ दीक्षारंभ कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं विभिन्न शैक्षणेत्तर गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

NEHA Kumari
(HED cell incharge)

विद्यार्थियों की पालकों में उपस्थित श्री राकेश कुलदीप ने अपने उद्‌बोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ''अपने पुत्र को इस महाविद्यालय में प्रवेश कराकर खुश है।'' इसी श्रृंखला में श्रीमती सिल्ली महाराणा ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस महाविद्यालय की पढ़ाई एवं परीक्षा परिणाम को जानने के बाद अपनी पुत्री का प्रवेश महाविद्यालय में कराया साथ ही महाविद्यालय की प्रगति एवं उन्नति की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि श्री राजेश्वर सोनकर जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा ''कुम्हारी महाविद्यालय अपने क्षेत्र में विशिष्ट स्थान बना चुका है। ''श्री रामाधार शर्मा ने अपने उद्‌बोधन में नवप्रवेशित छात्रों को शुभकामनाएं दिया एवं महाविद्यालय को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि माननीय श्री भूपेश ने अपने भाषण में महाविद्यालय के परीक्षाफल पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि अल्प संसाधन एवं कम समय में बेहतर परिणाम विद्यार्थियों का रहा ।'' महाविद्यालय प्रागंण में उनके द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा एन. ई. पी. एम्बेसडर को बैच एवं आई डी. कार्ड प्रदान किया गया। दीक्षारंभ समारोह हेतु महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं द्वारा रंगोली एवं पोस्टर बनाया गया तथा जी.ई.सी. एवं वी. ए. सी. समूह की जानकारी बैनर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

## <u>द्वितीय – सत्र</u>

द्वितीय सत्र का प्रारंभ एन. ई. पी. प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. श्रीमती अमृता पाठक सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र के माध्यम से हुआ जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लाभ एवं प्रावधानों का सहजता एवं सरलता से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् नेहा वर्मा सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र के द्वारा डी.एस.सी., जी. ई.सी., वी. ए. सी. तथा ए. ई. सी. की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान किया साथ ही मूल्यांकन प्रक्रिया के विषय में बताया गया । कु. अर्चना उरॉव, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के द्वारा क्रेडिट तथा सेमेस्टर प्रमोशन की प्रक्रिया को समझाया गया । महाविद्यालय के समस्त विभागों से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया तथा रेडक्रास प्रभारी श्रीमती एन. जयश्री सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने रेडक्रास संबंधित कार्य एवं जिम्मेदारियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मन की शंका जैसे क्रेडिट क्या है? जी. ई. सी. से संबंधित प्रश्न पूछे जिसके जवाब प्रकोष्ठ के द्वारा प्रदान किया गया इस प्रकार दीक्षारंभ समारोह 2024 का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

प्राचार्य
स्व. बिन्देश्वरी बघेल शास. महाविद्यालय
कुम्हारी (दुर्ग)

aleha Kumari



(1) अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभांरभ



(2) छात्राओं द्वारा राजकीय गीत का गायन



(3) माननीय मुख्य अतिथि भूपेश बघेल का स्वागत





(4) विशिष्ट अतिथि श्री रामाधर शर्मा का स्वागत



(5) NEP Ambassador को Badge प्रदान किया



(6) महाविद्यालय प्राचार्या डॉ.रीना मजूमदार द्वारा स्वागत भाषण



(7) पालकों का उद्बोधन – श्री कुलदीप



(8) पालकों का उद्बोधन – श्रीमति सीली महाराणा



(9) माननीय मुख्य अतिथि श्री भूपेश बघेल का भाषण



(10) डॉ. अमृता पाठक द्वारा एनईपी के बारें में बताया गया



(11) एनईपी समन्वयक सुश्री नेहा कुमारी द्वारा विषय चयन,मूल्यांकन तथा परीक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी



(12) NEP समिति सदस्य सुश्री अर्चना उरांव द्वारा semester wise promotion, Letter grade point grade and SGPA & CGPA की जानकारी दी



(13) डॉ. अमृता कस्तूरे के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया



(14) मुख्य अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण कराया गया


हरिभूमि

स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम

छात्र-छात्राओं को विद्यार्जन करना अब हो गया अत्यंत सहज और सरल : भूपेश

(15) दैनिक समाचार पत्रिका में कार्यक्रम कि जानकारी